कक्षा: नवमी विषय हिन्दी

समय: 3 घंटे कुल अंक: 80

नोट : प्रश्न पत्र के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। उत्तर स्पष्ट और संक्षिप्त होना चाहिए। यथासंभव विद्यार्थी अपने शब्दों में उत्तर दें।

**प्रश्न 1 बहुविकल्पीय प्रश्नों में से उचित प्श्न का उत्तर लिखें: 16×1= 16**

1 . देवनागरी लिपि किस भाषा की लिपि है ?

1) अंग्रेजी 2) हिन्दी 3) मराठी 4) अरबी

2 . तुम्हारा क्या नाम है ? " वाक्य में अंत में कौन सा चिन्ह लगा है?

1 अल्पविराम 2 अर्धविराम 3 प्रश्नवाचक 4 पूर्णविराम

3. "हमारा देश भारत है।" इस वाक्य में 'भारत' का संबंध किससे है?*

1 संज्ञा 2 सर्वनाम 3- क्रिया 4- विशेषण

4. *"भाई ..बहन" इस युगल शब्द में कौन सा समास है?*

1- तत्पुरुष -2 द्वंद्व 3- बहुव्रीहि 4- द्विगु

5. ऊंट खड़ा है।" इस वाक्य में क्रिया है:*

1 – अकर्मक 2- सकर्मक 3- प्रेरणार्थक 4- द्विकर्मक

6. दो बैलों की कथा पाठ के लेखक हैं।

1.प्रेमचंद 2.फणीश्वर नाथ रेणु 3.यशपाल 4.महादेवी वर्मा

7.सांबले सपनों की याद पाठ में लेखक की एयर गन से किस का घायल होना दर्शाया गया है?

1कौआ 2 गौरैया 3 कबूतर 4 मोर

8.दो बैलों की कथा में छोटी बच्ची बैलों को क्या खिलाती थी ?

1.सूखा भूसा 2.हरी घास 3.दो रोटियां 4.खिचड़ी

9 लहासा की ओर पाठ में लेखक दूसरी बार लेखक लंग कोर में कब पहुंचा था?

1.सुबह के समय 2.शाम के समय 3 दोपहर के समय 4.रात के समय

10.हस्तलिखित पोतिया कितनी रखी हुई थी?

1.103 2. 201 3 .301 4. 501

11.ईश्वर को किस नाम से बुलाते हैं

1.प्रभु 2.ईश्वर 3.परमेश्वर 4. उपरोक्त सभी

12. कबीर के अनुसार कौन सा व्यक्ति सचेत है ?

1.जो ईश्वर की भक्ति करता है 2.जो ईश्वर की भक्ति नहीं करता है

3.जो ईश्वर का प्रेमी है

4.जो निष्पक्ष भाव से ईश्वर की भक्ति में लगा हुआ है।

13 श्री कृष्ण जी कौन सी नदी के किनारे पेड़ पर बांसुरी बजाया करते थे?

1. सतलुज 2.गंगा 3.यमुना 4.रावी

14 कालिंदी कूल कदंब की डारन में कौन सा अलंकार है

1.यमक अलंकार 2.श्लेश अलंकार 3.अनुप्रास अलंकार 4.मानवीकरण अलंकार

15. सही वर्तनी लिखिए

1.आसीरबाद 2.आशीर्वाद 3.आर्सीबाद 4.आर्सीवाब

16. कमल शब्द के पर्यायवाची शब्द लिखो

1 जलज 2 पंकज 3 नीरज 4 उपरोक्त सभी

2 **दिए गए पद्यांशों को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दें 5×2=10**

रस्सी कच्चे धागे की खींच रही मैं नाव ।

जाने कब सुन मेरी पुकार करें देवभाव सागर पार ।

पानी टपके कच्चे सकोरे व्यर्थ प्रयास हो रहे हैं मेरे ।

जी में उठती रह रह हूक घर जाने की चाह है घेरे।।

1 दिए हुए पद्यांश में कविता और कवि यत्री का नाम लिखो।

2 कवियत्री कहां जाना चाहती है और क्यों?

3 कवियत्री के सभी प्रयास क्यों असफल हो रहे हैं?

4 कवियत्री किसे पुकार लगाना चाहती है?

5 कवियत्री के हृदय में रह रह कर हूक क्यों उठ रही है ?

**प्रश्न 3 गद्यांश में से प्रश्न उत्तर (5 प्रश्न, प्रत्येक 2 अंक) (5x2=10)**

जानवरों में गधा सबसे बुद्धिहीन समझा जाता है ।हम जब भी किसी आदमी को पहले दर्जे का बेवकूफ कहना चाहते हैं तो उसे गधा कहते हैं। गधा सचमुच बेवकूफ है या उसके सीधेपन उसकी निरापद सहिष्णुता से उसे यह पदवी दे दी गई है। इसका निश्चय नहीं किया जा सकता । गाय सींग मारती है। ब्याही हुई गाय तो अनायास ही सिहनी का रूप धारण कर लेती है ।कुत्ता भी बहुत गरीब जानवर है लेकिन कभी-कभी उसे भी क्रोध आ ही जाता है ,किंतु गधे को कभी भी क्रोध करते हुए न देखा न सुना ।

1 पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

2 किसे कभी भी क्रोध करते हुए न देखा न सुना?

3 कौन अनायास ही सिहनी का रूप धारण कर लेती है और क्यों ?

4 जिसे हम पहले दर्जे का बेवकूफ कहना चाहते हैं उसे क्या कहते हैं ?

5 बेवकूफ और बुद्धि हीन शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए

6 कौन सबसे गरीब जानवर माना जाता है और किसेकभी न कभी क्रोध आ ही जाता है?

**प्रश्न 4** दिए हुए प्रश्नों में से कोई तीन प्रश्न करें 3×3 = 9

1.बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में कौन-कौन सी बीमारियां फैलने की आशंका रहती है?

2.लेखिका ने अपनी नानी को कभी भी नहीं देखा था फिर भी वह उसके व्यक्ति से क्यों प्रभावित थी?

3. बाढ़ की खबर सुनकर लोग किस प्रकार की तैयारियां करने लगे ?

4. रामस्वरूप और गोपाल प्रसाद का बात-बात पर एक हमारा जमाना था एक हमारा जमाना था कहकर अपने समय की तुलना वर्तमान से करना कहां तक तर्क संगत है बताइए ?

**प्रश्न 5** पाठ्य पुस्तक क्षितिज के कोई दो प्रश्न करें। 4 × 2= 8

1 किन घटनाओं से पता चलता है कि हीरा और मोती में गहरी दोस्ती थी?

2 उसे समय के तिब्बत में हथियार का कानून न रहने के कारण यात्रियों को किस प्रकार का भय बना रहता था?

3 किस घटना ने सालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया और उन्हें पक्षी प्रेमी बना दिया?

**प्रश्न 6 संवाद लेखन पर प्रश्न अथवा सूचना/प्रतिवेदन (5 अंक) (5x1=5)**

अपने विद्यालय में हिंदी दिवस मनाने पर सूचना लेखन के अंतर्गत सूचना लिखिए। अथवा बस कंडक्टर और सत्यम के मध्य में किराए को लेकर हुए संवाद का वर्णन करो ।

प्रश्न 7 शिक्षा शुल्क क्षमा करवाने के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र 1 अथवा मित्र को परीक्षा में प्रथम आने पर बधाई पत्र (6 अंक)

प्रश्न 8 दिए हुए प्रस्तावों में से कोई एक प्रस्ताव सुंदर-सुंदर 250 शब्दों में लिखिए। 1×8 = 8

1 स्वदेश प्रेम 2 समय का महत्व 3 दीपावली 4 मेरा प्रिय नेता

प्रश्न 9 हिन्दी व्याकरण में से प्रश्न उत्तर लिखिए (4**x2=8)**

1 भाषा और बोली में अंतर *2. सर्वनाम की परिभाषा एवं भेद:*

*3. नीलकंठ शब्द का विग्रह और समास का नाम:*

*4. घट शब्द के दो भिन्नार्थक शब्द:*

*5. आओ खाना खाकर अंदर चलें इस वाक्य को संयुक्त क्रिया में बदलना:*

प्रश्न पत्र के संदर्भ में........ विस्तृत योजना...... रूपरेखा कक्षा नवमीं

समय 3 घंटे कुल अंक 80 विषय हिंदी

प्रश्न 1 बहुविकल्पीय कुल प्रश्न 16

( हिंदी व्याकरण 5 क्षितिज 5 प्रश्न कृतिका 6 प्रश्न ) (1X16=16)

प्रश्न 2 पाठ्यपुस्तक क्षितिज के पद्यांश में से प्रश्न 5 प्रश्न प्रत्येक 2 अंक (2X5=10)

प्रश्न 3 पाठ्य पुस्तक क्षितिज में से गद्यांश के 5 प्रश्न प्रत्येक 2 अंक (2X5 =10)

प्रश्न 4 पाठ्य पुस्तक कृतिका 3 प्रश्न प्रत्येक तीन प्रश्न (3X 3=9)

प्रश्न 5 पाठ्य पुस्तक क्षितिज के कोई 2 प्रश्न (4X 2=8)

प्रश्न 6 संवाद लेखन/ सूचना/ प्रतिवेदन कोई एक प्रश्न (5X 1=5)

प्रश्न 7 शिक्षा शुल्क क्षमा करवाने के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र

अथवा

मित्र को परीक्षा में प्रथम आने पर बधाई पत्र। ( 1 X 6 = 6 )

प्रश्न 8 दिए हुए प्रस्तावों में से एक प्रस्ताव (1 X 8 =8)

प्रश्न 9 हिंदी व्याकरण के प्रश्न 5 में से कोई चार (2X 4=8)